# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा — प्रथम सत्र

संख्या-03 — बुधवार, दिनांक-08 जनवरी, 2020 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.38 बजे अप० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

### 1.विविध चर्चायें:-

i- माननीय सदस्य, श्री बंधु तिर्की द्वारा रातू मौजा के सिमरिया तथा कमड़े के अतिरिक्त बाजरा एवं पुनदाग मौजा मे भू-माफियाओं द्वारा पहाड़ों पर अवैध कब्जा कर उसे नष्ट किये जाने को लेकर चिन्ता जतायी गयी और इसकी जाँच उपायुक्त से कराकर भू-माफियाओं पर कार्रवाई की माँग की गयी,

ii- आज की कार्यसूची मे समाहित सरकारी संकल्पों का स्वागत करते हुए माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने ननकाना साहिब पर हुए हमले तथा नागरिकता संशोधन, जो संविधान विरोधी कानून है, के सम्बन्ध मे भी प्रस्ताव लाये जाने हेतु आसन से आग्रह किया।

### 2.शपथ/प्रतिज्ञान:-

आसन के निदेश से सभा सचिव द्वारा 44-बहरागोड़ा, श्री समीर कुमार मोहंती को पुकारा गया, परन्तु वे सदन मे उपस्थित नहीं थे।

### 3.माननीया राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का उपस्थापन एवं वाद-विवाद:-

माननीया राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद हेतु आसन द्वारा समय आवंटित किया गया तत्पश्चात् पुकारे जाने पर माननीय सदस्य, श्री लोबिन हेम्ब्रम ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिसका समर्थन माननीय सदस्य, श्री इरफान अंसारी ने किया।

(शोरगुल)

माननीय सदस्य, श्री लोबिन हेम्ब्रम के बाद प्रस्ताव के समर्थक श्री इरफान अंसारी को आसन से पुकारा गया। धन्यवाद ज्ञापन के क्रम मे उनकी बातों से भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्य नाराज होकर शोरगुल करने लगे।

इस क्रम मे माननीय सदस्य, श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने आसन से आग्रहपूर्वक कहा कि जब कार्यवाही से अंकित शब्द को विलोपित किये जाने हेतु आसन से निदेश प्राप्त हो चुका है तो फिर शोरगुल उचित नहीं है।

क्र० पृ० द्र०

## 4.शपथ/प्रतिज्ञान(क्रमांक-2 से जारी):-

आसन के निदेश से सभा सचिव द्वारा 44-बहरागोड़ा, श्री समीर कुमार मोहंती को पुकारा गया तत्पश्चात् उन्होंने बांग्ला में विधान सभा की सदस्यता ग्रहण की।

(इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्य श्री इरफान अंसारी, स०वि०स० द्वारा माफी मँगवाने की माँग पर अड़ गये और सदन की वेल में आ गये)

## 5.आसन से नियमन:-

माननीय प्रतिपक्ष के सदस्यों की भावना को देखते हुए माननीय सदस्य, श्री इरफान अंसारी द्वारा कही बातों को कार्यवाही से विलोपित किये जाने हेतु आसन से नियमन दिया गया।

## 6.माननीया राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का उपस्थापन एवं वाद-विवाद (क्रमांक-3 से जारी):-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह ने वाद-विवाद पर अपनी बातें प्रारम्भ की, परन्तु भारतीय जनता पार्टी के अधिकांशत: माननीय सदस्य अपनी बातों को लेकर सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे जिसपर आसन द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी और अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन की कार्यवाही 12.03 बजे अप० से लेकर 12.15 बजे अप० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही पूर्व की भाँति भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्य शोरगुल एवं नारेबाजी करने लगे। माननीय सदस्य, श्री इरफान अंसारी के माफी माँगने का विषय आसन द्वारा उनके विवेक पर छोड़ दिया गया, परन्तु पूर्व की भाँति सदन में स्थिति यथावत् बनी रही जिसके विरोधस्वरूप माननीय सदस्य, श्री इरफान अंसारी भी कुछ क्षण के लिए सदन की वेल में आ गये।

## 7.सरकार का उत्तर:-

पुकारे जाने पर माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन द्वारा सरकार का उत्तर दिया गया तदुपरांत प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ।

## 8.आसन से घोषणा:-

आसन से निम्न घोषणायें की गयी-

(क) डॉ० रामेश्वर उराँव, अध्यक्ष, झारखण्ड प्रदेश काँग्रेस कमिटी द्वारा सूचित किया गया है कि दिनांक-24 दिसम्बर, 2019 को संध्या 07.15 बजे भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस, झारखण्ड प्रदेश की विधायक दल की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से श्री आलमगीर आलम, स०वि०स० को भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस पार्टी विधायक दल का नेता चुना गया।

अत: मैं विधायक दल की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में श्री आलमगीर आलम, स०वि०स० को भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस विधायक दल के नेता के रूप में मान्यता प्रदान करता हूँ,

(ख) श्री बाबूलाल मराण्डी, केन्द्रीय अध्यक्ष, झारखण्ड विकास मोर्चा (प्र०) के द्वारा सूचित किया गया है कि दिनांक-24 दिसम्बर, 2019 को झारखण्ड विकास मोर्चा (प्र०) के सभी नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० को झारखण्ड विकास मोर्चा (प्र०) विधायक दल का नेता चुना गया।

क्र० पृ०उ०

अतएव मै विधायक दल की बैठक मे लिये गये निर्णय के आलोक में श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० को झारखण्ड विकास मोर्चा (प्र०) विधायक दल के नेता के रूप में मान्यता प्रदान करता हूँ।

**9.आसन से सूचना:-**

भोजनावकाश के लिए कार्यवाही स्थगन के तुरत बाद सभा परिसर स्थित कैंटीन के बगल में माननीय सदस्यों की ग्रुप फोटोग्राफी हेतु उनकी उपस्थिति के निमित्त आसन द्वारा सदन को संसूचित किया गया।

**10.वित्तीय कार्य:-**

पुकारे जाने पर माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन द्वारा वित्तीय वर्ष- 2019-20 के द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी सभा पटल पर उपस्थापित की गयी तदुपरांत माननीय सदस्य, श्री लम्बोदर महतो ने अपना कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

**11.वित्तीय कार्य (क्रमांक-10 से जारी):-**

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत माँग पर वाद-विवाद प्रारम्भ हुआ जिसमें आसन के निदेश से माननीय सदस्य, श्री लम्बोदर महतो ने अपना वक्तव्य आरम्भ किया तत्पश्चात् निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी वाद-विवाद में भाग लिया-

श्री प्रदीप यादव,
श्री बिरंची नारायण,
सुश्री अम्बा प्रसाद,
श्री अमर कुमार बाउरी,
श्री बिनोद कुमार सिंह,
श्री सुदेश कुमार महतो,
श्री सरयू राय,
श्री अमित कुमार यादव,
श्री बंधु तिर्की,
श्री भानु प्रताप शाही,
श्री बन्ना गुप्ता एवं
श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी।

(इस अवसर पर सरकार के उत्तर पर्यन्त सदन का समय विस्तारित किया गया।)

माननीय सदस्य, श्री लम्बोदर महतो द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ और माँग स्वीकृत हुई तत्पश्चात् शेष अनुदान की 60 माँगे बारी-बारी से गिलोटिन (मुखबंद) के माध्यम से सभा द्वारा स्वीकृत हुई।

**12.विधायी कार्य:-**

i- झारखण्ड विनियोग (संख्या-01) विधेयक, 2020

माननीय मुख्यमंत्री (प्रभारी योजना सह वित्त) श्री हेमन्त सोरेन द्वारा सभा की अनुमति से उपर्युक्त विधेयक को पुर:स्थापित किया गया।

क्र० पृ०उ०

पुरःस्थापनोपरांत माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त विधेयक पर विचार का प्रस्ताव सभा द्वारा स्वीकृत हुआ।

खण्डशः विचार के क्रम में विधेयक के खण्ड- 2, खण्ड-3, अनुसूची, खण्ड-1, प्रस्तावना एवं नाम बारी-बारी से सभा की अनुमति से इस विधेयक के अंग बने।

माननीय प्रभारी मंत्री ने उपर्युक्त विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जो सभा द्वारा स्वीकृत हुआ तत्पश्चात् झारखण्ड विनियोग (संख्या-01) विधेयक, 2020 सभा द्वारा स्वीकृत हुआ।

## 13.सरकारी संकल्प:-

माननीय प्रभारी मंत्री, संसदीय कार्य, श्री आलमगीर आलम द्वारा निम्न प्रस्ताव आसन के निदेश से प्रस्तुत किये गये-

i- क-अनुसुचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के लिए लोक सभा एवं राज्य के विधान सभाओं में स्थानों के आरक्षण सम्बन्धी प्रावधान में प्रस्तावित संशोधन पर झारखण्ड विधान सभा के अनुसमर्थन का प्रस्ताव स्वीकृत किया जाय,

ख-लोक सभा एवं राज्य के विधान सभाओं में नाम निर्देशन द्वारा आंग्ल भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व सम्बन्धी प्रावधान में प्रस्तावित संशोधन पर झारखण्ड विधान सभा के अनुसमर्थन का प्रस्ताव अस्वीकृत किया जाय।

ii- जामिया से लेकर जे.एन.यू. जैसे देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के परिसरों में छात्रों पर हो रहे बर्बर हमले एवं आक्रमणों पर यह सदन अपनी चिंता व्यक्त करता है। यह सदन अपनी इस चिन्ता से भारत सरकार को अवगत कराने का प्रस्ताव पारित करे।

उपर्युक्त सभी प्रस्ताव सभा द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुए।

## 14.सभा समितियों के गठन के सम्बन्ध में प्रस्ताव:-

माननीय प्रभारी मंत्री, संसदीय कार्य, श्री आलमगीर द्वारा निम्न प्रस्ताव आसन की अनुमति से प्रस्तुत किया गया-

"झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-237, 239 एवं 241 के अधीन वर्णित क्रमशः लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति और सरकारी उपक्रमों से सम्बन्धित समिति सहित विधान सभा की अन्य समितियों के गठन हेतु यह सभा अध्यक्ष, झारखण्ड विधान सभा को प्राधिकृत करे।"

उपर्युक्त प्रस्ताव सभा द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

## 15.समापन भाषण:-

हल्के नोंक-झोंक से युक्त एक सुखद वातावरण में पंचम् झारखण्ड विधान सभा के प्रथम तीन दिवसीय सत्र के समापन पर माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा अपना उद्गार व्यक्त करते हुए माननीय राज्यपाल महोदया के अभिभाषण तथा इसपर पारित धन्यवाद प्रस्ताव के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की और माननीय सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया। इस सत्र में द्वितीय अनुपूरक बजट पर माननीय सदस्यों द्वारा सदन में की गयी सार्थक चर्चाओं पर उन्होंने हर्ष व्यक्त किया। इस क्रम में आये सुझावों को महत्वपूर्ण बताते हुए सरकार से अपेक्षा की गयी कि अपने संशोधन की सीमाओं का आकलन करते हुए आगामी वित्तीय वर्ष के लिए जो बजट तैयार हो उसपर अमल करने का वह प्रयास भी करेगी। इस सत्र में माननीय अध्यक्ष महोदय ने लोकहित की भावनाओं की अभूतपूर्व की अनुभूति की और उम्मीद जतायी की पक्ष-विपक्ष में ऐसे मुद्दों पर एकता कायम रहेगी। आनेवाले दिनों

क्र०पृ०उ०

मे मकर संक्रांति, सोहराय, वसंत पंचमी और लोहड़ी के त्योहार मनाये जायेंगे जिनकी मिठास जन जीवन मे अनन्त समय तक कायम रहे इन्हीं शुभकामनाओं के साथ सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक- 08 जनवरी, 2020 ई०।

महेन्द्र प्रसाद
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।